# 4000 सीटें बढ़ने से एक लाख डाक्टर बनेंगे : मोदी

## कहा, चुनाव के दौरान महंगाई पर हमला नहीं कर सके विपक्षी

सूरत, 7 मार्च (वार्ता) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार की ओर से केवल एक साल में ही मैडीकल शिक्षण में पी.जी. पाठ्यक्रमों के लिए 4000 सीटें बढ़ाने से डाक्टरों और प्रोफैसरों की कमी की व्यापक समस्या के मूल में मौजूद दुष्चक्र को तोड़ने में मदद मिलेगी।

मोदी ने यहां हवाई अड्डे पर अपनी स्वागत सभा में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में डाक्टरों की कमी की समस्या की बात हर जगह सुनने को मिलती है पर पी.जी. की सीटें कम रहने के कारण प्रोफैसरों की कमी से नए डाक्टर तैयार करने और नए कॉलेज स्थापित करने में समस्या थी। यह एक ऐसा चक्र था जिसे तोड़ना जरूरी था। पी.जी. की 4000 नई सीटों के जरिए भविष्य में इतने ही प्रोफैसर तैयार होंगे जो एक लाख तक डाक्टर तैयार कर सकेंगे।

नई दिल्ली : यगोदा सत्संग मठ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष यादगारी डाक टिकट जारी करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अध्यात्म भारत की ताकत है और दुर्भाग्य से कुछ लोग इसे धर्म से जोड़ देते हैं।

भारत योगदा सत्संग समाज के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अध्यात्म की यात्रा की दिशा में योग पहला कदम है।

मोदी ने कहा कि विश्व भारत की तुलना उसकी आबादी, जी.डी.पी. या रोजगार दर के आधार पर करता है लेकिन दुनिया ने भारत के अध्यात्म को न कभी जाना और न ही उसे मान्यता दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि हाल में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल उन पर चाहे जितने अनाप-शनाप आरोप लगाते रहे हों पर महंगाई को लेकर कोई हमला नहीं कर सके।

आज मोदी ने आज अपने गृहराज्य गुजरात के भरूच जिले में एक पेट्रो रसायन संयंत्र के उद्घाटन के बाद आयोजित सभा में कहा कि उनकी सरकार बनने के पहले महंगाई बेकाबू थी। पर हाल में 4-5 राज्यों में चुनाव हुआ तो चाहे जितने भी अनाप शनाप आरोप विपक्षी दल लगाते रहे हों वे महंगाई को लेकर उनकी सरकार पर कोई आरोप नहीं लगा सके। महंगाई के मुद्दे पर चुनाव के दौरान चर्चा ही नहीं हुई जिसका मतलब है कि बेकाबू महंगाई को रोकने में सरकार सफल रही।